भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 933#
गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/5 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देश में क्रूज पर्यटन का विकास

933# श्री धनंजय भीमराव महादिकः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार क्रूज पर्यटन विकसित करने की योजना बना रही है जिसके लिए पूरे देश में अपार संभावनाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश में उन राज्यों की पहचान की है जिनमें क्रूज पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में क्रूज पर्यटन के विकास के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(घ) क्या सरकार ने देश में क्रूज पर्यटन के लिए कार्य योजना तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) जनता के बीच क्रूज पर्यटन को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ.): क्रूज पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है ।

तथापि पर्यटन मंत्रालय समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है । वर्तमान में जारी अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में यह देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों के संवर्धन के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत महत्वपूर्ण एवं संभावित विदेशी बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है ।

भारत को विश्व स्तर पर क्रूज पर्यटन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने क्रूज पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति का एक मसौदा तैयार किया है । अवसंरचना और परिपथ सक्षमीकरण, बाजार विकास तथा कौशल विकास के लिए कार्यनीति दस्तावेज में निम्नलिखित कार्यनीतिक स्तंभों की पहचान की गई है:

(i) अवसंरचना और परिपथ सक्षमीकरण
(ii) बाजार विकास
(iii) क्रूज पर्यटन के लिए व्यापार में सुगमता
(iv) क्रूज टर्मिनलों के आसपास एकीकृत पर्यटन
(v) क्रूज पर्यटन में निवेश को सुविधाजनक बनाना और बढ़ावा देना
(vi) क्रूज पर्यटन के लिए कौशल विकास
(vii) संस्थागत संरचना और शासन

पर्यटन मंत्रालय 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के अंतर्गत क्रूज पर्यटन तथा नदियों में क्रूजिंग सहित पर्यटन के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और केंद्र सरकार की एजेंसियों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है । केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में पत्तनों और जलमार्गों पर अवसंरचना विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने पहले अतुल्य भारत अंतर्राष्ट्रीय क्रूज सम्मेलन के दौरान पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के साथ भागीदारी की । सम्मेलन में रिवर क्रूजिंग सहित क्रूज पर्यटन क्षेत्र में मौजूद अनगिनत व्यावसायिक अवसरों का प्रदर्शन किया गया । सम्मेलन में 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख वैश्विक क्रूज लाइनें जैसे एमएससी, कार्निवल, आरसीसीएल, कोस्टा, कॉर्डेलिया, हॉलैंड अमेरिका समूह आदि शामिल थे ।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों जैसे समुद्री व्यापार मियामी, दुबई आदि में सक्रिय रूप से भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रूज कार्यक्रमों में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा दिया है और अभियान चलाया है ।

इसके अतिरिक्त, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा दी गई सूचना के अनुसार आईडब्ल्यूएआई द्वारा राष्ट्रीय जलमार्गों पर परिवहन के लिए फेयरवे, टर्मिनल, जेट्टी, नौवहन सहायता आदि सहित विकसित अवसंरचना का उपयोग नदी पर्यटन संचालकों द्वारा भी किया जाता है ।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी ने 13 जनवरी 2023 को वाराणसी से एनडब्ल्यू-1 (गंगा नदी) पर वाराणसी से बांग्लादेश के रास्ते डिब्रूगढ़ एनडब्ल्यू-2 (ब्रह्मपुत्र नदी) तक दुनिया की सबसे लंबे रिवर क्रूज को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसने असम के डिब्रूगढ़ में दिनांक 28.02.2023 को लगभग 3200 किलोमीटर की जलमार्ग दूरी सफलतापूर्वक पूरी की ।

*****

अनुबंध

देश में क्रूज पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 27.07.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 933# के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत पत्तनों और जलमार्गों में अवसंरचना विकास हेतु स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(लाख रु. में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | वर्ष | परियोजनाओं का नाम | कार्यान्वयन एजेंसी | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोवा | 2021-22 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट (एमपीटी) द्वारा मोरमुगाओ पोर्ट, गोवा में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज जहाजों के लिए सुविधाओं का निर्माण | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 5000.00 |
| 2 | महाराष्ट्र | 2021-22 | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750.00 |
| | | | | कुल | 8750.00 |

*****